हमने बोला आई लव यू श्याम बोले लव यू टू

खूब सुना था प्रेमियों से श्यामधणी का नाम
हम भी किस्मत आज़माने पहुँचे खाटूधाम
हमने बोला आई लव यू,श्याम बोले लव यू टू

खाटू में होते देखा प्रेमियों का मेल है
खाटू के आगे भैया जन्नत भी फ़ेल है
दुख एक्सचेंज करके देता खुशियाँ बाबा श्याम
हम भी किस्मत आज़माने पहुँचे खाटूधाम
हमने बोला आई लव यू ....

श्याम कुण्ड में जिसने भी डुबकी लगा ली
उसने अपने हाथों अपनी किस्मत जगा ली
दूर करे हर रोग दोष को यहाँ का इक स्नान
हम भी किस्मत आज़माने पहुँचे खाटूधाम
हमने बोला आई लव यू,..................

देखा जो बाबा को तो मन ऐसे खिल गlove u tooया
बरसों का बिछड़ा जैसे यार कोई मिल गया
नैनों से जब नैन लड़े तो हो गया काम तमाम
सुध बुध ऐसी खोई जैसे पिया हो लाखों जाम
हमने बोला आई लव यू,.....................

बाबा का चूर्मे का परसाद खाया
अमृत से ज़्यादा अच्छा भी स्वाद पाया
इसके जितनी एनर्जी देगा क्या काजू बादाम
हम भी किस्मत आज़माने पहुँचे खाटूधाम
हमने बोला आई लव यू,.................

हाय हेल्लो भूल गया मैं खाटू में आ के
ऐसा सुकून पाया श्याम नाम गा के
जो भी मुझसे मिलता 'मोहित' कहता जय श्री श्याम
हम भी किस्मत आज़माने पहुँचे खाटूधाम
हमने बोला आई लव यू,.........................

Writer :- Mohit Sai (Ayodhya) 9044466616

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2548/title/humne-bola-i-love-you-shyam-bole-love-you-too

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |